**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या : 2907**
**गुरुवार, 8 अगस्त, 2024 / 17 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

## बिहार में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा

**2907. श्री सुधाकर सिंहः**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को बिहार में हवाई यात्रा, हवाई यात्रा में सुरक्षा, माल परिवहन और परिवहन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के निर्माण के संबंध में कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार बिहार में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के निर्माण का विचार रखती है; और

(घ) यदि हां, तो नत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) से (घ)**:** भारत सरकार ने देश में नए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों के विकास के लिए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा नीति, 2008 तैयार की है। इस नीति के अनुसार, यदि राज्य सरकार सहित कोई भी हवाईअड्डा विकासकर्ता कोई हवाईअड्डा विकसित करना चाहता है, तो उन्हें उपयुक्त स्थल की पहचान करनी होगी और हवाईअड्डे के निर्माण के लिए पूर्व-व्यवहार्यता अध्ययन करवाना अपेक्षित होगा और केंद्र सरकार को 'स्थल क्लियरेंस' के लिए और उसके बाद 'सैद्धांतिक' मंजूरी के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा।

भारत सरकार को बिहार में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के निर्माण के लिए बिहार सरकार या किसी भी हवाईअड्डा विकासकार्ता से ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा नीति के अंतर्गत 'स्थल क्लियरेंस' के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

******